Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

नाम औषधि	मेकर	पैकिंग	प्रयोग विधि	मात्रा	रोगों में गुणकारी
Yohimbin hydro-chloer यूहीम्बीन हायड्रोक्लोराइड		$\frac{1}{3}$ grx1c c.x6	S	सप्ताह में १ अथवा २ बार	नपुंसकता तथा दुर्बलता नाशक।
Atropin Sulphate एट्रोपिन सलफेट		१/१०० grx1c.c. x6,12 १/३०० grx1c.c. x6,12 १/१०० grx1c.c. x6,12		१/२०० से १/१०० ग्रेन तक का एक इन्जैक्शन आवश्यकतानुसार यदि जरूरत हो तो दुबारा भी प्रयोग कर सकते हैं।	स्पाजमोडिक, ऐजमा, कोलिक, अफ़ीम, तथा भोजन के विष में, न्यूरेलजिया, इनकोटीनेन्स अफयूरिन, नाइट स्वीटस यह मार्फिया के साथ ओपरेशन से पूर्व निद्रा लाने को तथा पेपटिक अल्सर आदि में भी प्रयोग किया जाता है।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

प्रसिद्ध वैक्सीन तथा सीरम

डिफ्थीरिया एन्टी टोक्सीक सीरम

डिफ्थीरिया विष के कीटाणु जब मनुष्य पर अपना आक्रमण कर बैठते हैं तब मनुष्य के शरीर में दो प्रकार के अन्य विष अधिक मात्रा में उत्पन्न हो जाते हैं। (१) ऐलब्यूमोसस (२) आर्गेनिक ऐसिड। इस कारण एक दम कंठ रुक जाता है। बच्चा न पानी हीं पी सकता है न दूध, ऐसी अवस्था में इन कीटाणुओं को नष्ट करने के लिये एक प्रकार का सीरम तैयार किया जाता है जो शीघ्र ही सारे शरीर से विष का प्रभाव दूर कर देता है।

तैयार करने की विधि

यदि माँस रस में सोडियम क्लोराइडस ५ प्रतिशत तथा पैप्टोन २ प्रतिशत दोनों को मिलाकर फ्लास्क बर्त्तन में भरकर रख दिया जाय तो डिफ्थीरिया वेसीलाई बन जायेगी। इस मिश्रण को दो तीन सप्ताह तक इसी प्रकार रहने दीजिये। उसके बाद इसको नितार लिया जाय तब व्यवहार के लिये टाक्सीस बनाया जा सकता है। इसका इन्जैक्शन सदा त्वचा में सबक्यूटेनियस अर्थात् 45° Angle पर लगाना चाहिये।

परिणाम

इस के प्रयोग से रोगी को तत्काल लाभ होता है। हृदय की गति ठीक प्रकार से कार्य करती रहती है। न तो ज्वर ही रहता

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

है और न नाड़ी गति की तीव्रता। यदि रोगी के शरीर पर पित्ती की तरह दाने या दाग हो गये हैं तब कैलशियम लैक्टेट भी देना चाहिये।

ऐन्टी न्यूमो कोकस सीरम

इसके प्रयोग से न्यूमो कोकस के कीटाणु मर जाते हैं।

ऐन्टी थाइराइड सीरम

भेड़ को ६ सप्ताह पहले थाइराइडक्ट भी कर दिया जाता है उसके पश्चात् इस भेड़ के रक्त में से सीरम निकाला जाता है। इस सीरम का उपयोग घेंघा एक्स आपथमिक गाइटर रोग में किया जाता है। ५ से लेकर ३० बूँद तक इस औषधि की मात्रा है।

हे फीवर सीरम

हे फीवर एक प्रकार का ज्वर होता है। इसकी उत्पत्ति एक विशेष घास से होती है। मनुष्य घास के विष को नाक द्वारा सूंघ कर अपने शरीर में प्रवेश कर लेता है। इस रोग को नष्ट करने के लिये पौलान्टीन नामक घोड़े पर सीरम तैयार किया जाता है। यदि रोगी सीरम की एक दो बूँद ही सूँघ ले तब वह रोग से मुक्ति पा सकता है।

ऐन्टी प्लेग सीरम

इसका सीरम भी घोड़े में प्लेग का विष देकर बनाया जाता है। पहिले प्लेग के कीटाणुओं को इंजेक्शन द्वारा घोड़ों के रक्त में पहुँचा दिया जाता है उसके पश्चात् घोड़े के दूषित रक्त से सीरम तैयार किया जा सकता है। यदि इस सीरम की 50 c.c.

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

तक इन्टर विनिस इंजेक्शन द्वारा मनुष्य के शरीर में पहुंचा दिया जाय तब अवश्य लाभ हो जाता है।

प्लेग वैक्सीन

वैसीलस पैस्टीस नामक मुर्दा प्लेग के जहर जीवाणुओं को इमलेशन का रूप देकर वैक्सीन बना लेते हैं। जब क्षेत्र में प्लेग रोग की आशंका होती है तब उसकी रोकथाम के लिये प्लेग वैक्सीन लगाई जाती है। जिस व्यक्ति को प्लेग का टीका लगाया जा चुका होता है। यदि उसको प्लेग भी निकल आये तो तीव्र प्रभाव न होगा।

हायड्रो फोबिया वैक्सीन

इस वैक्सीन का प्रयोग पागल कुत्ते के काटे हुए रोगी पर किया जाता है। एक पागल मुर्दा गीदड़ की सुषुम्ना में से रस लेकर अच्छे गीदड़ की सुषुम्ना में लगाओ। कुछ दिनों पश्चात् दूसरे गीदड़ की सुषुम्ना का रस तीसरे में लगाओ और उसके उपरान्त इस रस को वायु में सुखा लो। हल्की मात्रा से लेकर मात्रा बढ़ाते रहना चाहिये इससे रोगी भला चंगा हो जायेगा।

स्ट्रैप्टोकोकस वैक्सीन

रोग की दशा में मनुष्य के रक्त में विष जीवाणु तथा विष-नाशक दो प्रकार के कीटाणु होते हैं। यदि रोगी में किसी प्रकार के विष का प्रभाव हो गया है तब रोगनाशक के कीटाणु उससे लड़ने का अवश्य प्रयत्न करेंगे। किन्तु यदि कभी ऐसा हो कि उन कीटाणुओं की शक्ति एवं मात्रा कम हो जाय तब रोग का प्रभाव हो जाता है। अतः इस अवस्था में रोगी के शरीर में

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

रोगनाशक कीटाणु पहुंचने चाहिये जो संघर्ष कर सकें। इन मरे बैक्टीरिया से इन्जेक्शन बनाया जाता है उसी को वैक्सीन कहते हैं यदि रोगी की अवस्था भयानक होजाय तब अप्स-निक कीटाणुओं को Injection द्वारा नहीं पहुंचाना चाहिये।

मैनिङ्गोकोकस ऐन्टीटौक्सीन

सीरन सेरिब्रो स्पाइनल मैनिञ्जाइटिस डिप्लोकस मैनि-ञ्जाइटिस नामक विष कीटाणुओं से पैदा होता है। इस जह-रीले कीटाणु को घोड़ों के रक्त में प्रवेश किया जाता है। कुछ मास पश्चात् घोड़ों के रक्त से सीरम बनाया जाता है। इस रोग के रोगी का पहले लम्बर पञ्चर किया जाता है। कुछ दिनों के लगातार प्रयोग से रोग अच्छा हो जाता है।

एन्टी विनोमस सीरम

यदि रोगी को काँबरा सर्प ने काट लिया हो और उसका विष शरीर में प्रवेश कर गया है तब इस सीरम को लगाया जाता है। इस सीरम को भी घोड़ों के रक्त से ही बनाया जाता है। एक बात ध्यान में रखनी चाहिये कि इस सीरम का प्रभाव अन्य सर्प के विष पर नहीं होता किन्तु रोगी को इन्जेक्शन लगा देना अच्छा होता है क्योंकि यह निश्चय करना कठिन है कि किस प्रकार के सर्प ने काटा है। सीरम को लगाने से रोगी को कोई हानि नहीं होती।

ऐण्टी डिसैण्टैरिक सीरम

इस सीरम का प्रयोग बैसीलरी डिसेण्टरी रोग में किया जाता है। पहले सीधा और फ्लेक्सनर वैसीलस को घोड़े के

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

शरीर में पहुंचा कर वैसीलरी डिसेण्टरी की सीरम बना ली जाती है उसके पश्चात् इसको सबक्यूटेनियस (त्वचान्तर्गत इन्जेक्शन) से रोगी को दी जाती है। किन्तु यदि रोगी एमिनिक डिसेण्टरी से ग्रस्त है तब उस अवस्ला में इस औषधि का कुछ लाभ न होगा।

ऐण्टी स्टैप्टो कोकस सीरम

सबसे पहिले स्ट्रैप्टो कोकस कीटाणुओं को विषैला बनाया जाता है। इनको सर्व प्रथम वैरूलैण्ट ऐविटस नामक विष में गुजारते हैं। फिर इन कीटाणुओं को घोड़ों के सीरम में पकाया जाता है, एक वर्ष उपरान्त इससे जो सीरम बनता है वह तीव्र प्रभावशाली होती है। कैसे से कैसा ही भयंकर विष रोगी हो यह औषधि अवश्य ही लाभदायक प्रमाणित होगी। केन्सर और रसौली आदि विषैले रोगों में भी इस सीरम का प्रयगो किया जाता है।

टिटैनस ऐण्टी टौक्सीन सीरम

पीछे हमने डिफ्थीरिया की एण्टी टौक्सीन बनानी बताई थी उसी प्रणाली से इसको तैयार कर लिया जाता है। टिटैनस के विष जीवाणु दिमाग में शरीर के घावों के नर्व तन्तुओं के प्रोटोप्लाजम द्वारा पहुँच कर एकत्र हो जाते हैं। इस सीरम का प्रयोग तो रक्षा दृष्टिकोण से पहले किया जाता है। रोग की अवस्था में इसी सीरम का प्रयोग इण्टर वेनस तथा त्वचान्तर्गत इन्जेक्शन द्वारा करना चाहिये।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

टाइफाइड वैक्सीन और सीरम

वैसे तो इस सीरम को टाइफाइड जैसे महाज्वर के लिये तैयार किया गया था किन्तु पाश्चात्य रिपोर्टों से ज्ञात होता है कि यह औषधि कोई लाभदायक प्रमाणित न हुई। हाँ यदि मिक्सड टाइफाइड वैक्सीन का इञ्जेकशन पेट की बगल अर्थात् कोक में लगाया जाय तो अधिक मात्रा में लाभ की आशा रहती है।

गोनोरियल वैक्सीन

इसको पुराने सूजाक की बिमारी में लगाने से आराम होता है। पुराने गठिया रोग में भी यह विशेष लाभ पहुंचाता है। इस वैक्सीन की मात्रा प्रारम्भ में २½ मिलियन से ५ मिलियन तथा १० से २५ मिलियन तक रहती है।

कोलरा सीरम तथा वैक्सीन

जब क्षेत्र में हैजा जैसे छूतदार रोग का प्रभाव फैलता है तब स्थानीय म्युनिसिपल कमेटियां हैजे के इञ्जेक्शन रोग की रोकथाम के लिए लगाता हैं। जिस व्यक्ति ने इसका टीका लगवाया है उसको हैजा होने की कम सम्भावना होती है।

यीस्ट

मनुष्य यदि यीस्ट का प्रयोग करे तो उसके रक्त की रोग नाशक शक्ति बढ़ जाती है। यीस्ट के प्रयोग में मनुष्य के रक्त में श्वेत कणों की संख्या अधिक हो जाती है और इसी कारण विषकारी शक्ति अपना प्रभाव खो बैठती है।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

बाजारू प्रसिद्ध औषधियाँ

आजकल प्राय-साधारण पढ़े लिखे व्यक्तियों एवं कम्पनियों ने अपना व्यवसाय बना लिया है वह साधारण अनुभूत (नुस्खों) को थोड़े परिश्रम एवं अनुभव से उनका प्रचार करते हैं। इन औषधियों का यदि मूल्य -/२/- होता है तब इसका दाम १) या १।।) रखा जाता है। भोली भाली जनता प्रचार एवं तड़क भड़क में आ जाती है। जहाँ तक हो हमें ऐसे प्रचार से बचना चाहिए। फिर भी हमने जनता की रक्षा के लिये बाजारू औषधियों का नुस्खा दिया है जो उसी प्रकार है। इस प्रकरण के लिखने में हमें कुछ प्रचलित पुस्तकों से प्रेरणा मिली है। हम उनके हृदय से आभारी हैं।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

सुधासिंधु

सुधासिंधु कई विभिन्न नामों से बाजार में बिकती है, कोई कुछ नाम रख लेता है, कोई कुछ। उसका नुस्खा इस प्रकार से है।

आइल मेथा पिपरमेण्ट	१५ बूँद
शरबत शकर	$\frac{1}{2}$ औंस
स्प्रिट क्लोरोफार्म	२० बूँद
स्प्रिट कैम्फर	१ ड्राम
टिंचर कैपसीकम	$\frac{1}{2}$ ड्रामं
एसिड हायड्रोसायनिक डिल	८ मिनीम

बाल जीवन

यह दवा बच्चों के रोगों के लिए लाभकारी है। इसका नुस्खा निम्न प्रकार से है।

हाइपो फोस्फेट आफ सोडा	१० ग्रेन
शक्कर का शर्बत	४ औंस
हाइपो पोस्फेट आफ लाइम	१० ग्रेन

इन सबको पहले मिला लिया जाय। उसके बाद उसमें २ ड्राम बाइबर्डिंग आहल, २ ड्राम सोंठ का अर्क मिलाकर तीन दिन तक रखा रहने दिया जाय। इसके बाद इसको शीशी में भरकर काम में लाइये। अगर इसको रंगीन बनाना है, तो इसमें कोचलाइन मिलादें, उससे इसका रंग लाल हो जायगा।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

आँख की औषधि

गुलाब जल	२ औंस
फिटकरी	८ ग्रेन

इन दोनों को मिला लिया जाय। यह आई हुई आंख के लिए बड़ी लाभदायक है।

मलेरिया नाशक दवा

इसका योग इस प्रकार है।

टिंचर चिरायता	१ औंस
कुनैन सल्फ	५ ग्रेन
नक्शवामिका एक्सट्रेक्ट	२ ग्रेन
लायकर आरसेनिक	१५ बूँद

इन सबको मिलाकर तैयार करलें। इतने से २४ खुराक दवा तैयार होती है। इसको एक खुराक को आधी छटाँक पानी के साथ खाना चाहिए। कुछ व्यक्ति इसे ऐन्टी मलेरिया क्योर नाम रखकर लाभ उठाते हैं।

खूब सूरती की दवा

गुलाब जल	४ औंस
कोलन वाटर	१ शीशी
नौसादर साफ किया हुआ	३ ड्राम
पानी	३ औंस

इन सब को मिलाकर शीशी में भर दो। इसके मलने से चेहरे के दाग दूर होते हैं।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

शिर दर्द की पेटेन्ट दवा

इस का योग इस प्रकार है।

कैफीन साइट्रेट	आधा ड्राम
एन्टी पायरीन	३/४ ड्राम

इन दोनों को पहले खरल कर लिया जाय, बाद में थोड़ा सा गोंद का पानी देकर इसकी गोलियाँ बना ली जायें। इससे शिर का दर्द और बाई का दर्द खतम होता है।

सुजाक की दवा

आयल को पैग	४ ड्राम
लाइकर पुटाश	४ ड्राम
म्यूशिल एकाशिया	१ औंस
स्प्रिट ईथर नाइट्रेट	३ ड्राम
आइल सेन्टाल	१ ड्राम

सबको मिलाकर एक कर लो। इससे १६ खुराकें बनेगीं। १ औंस पानी के साथ सेवन करना चाहिए। नये सुजाक को यह खतम कर देती है। कुछ लोगों ने इसी योग का नाम एन्टी गनोरिया या गनोरिया क्यार रखकर खूब लाभ उठाया है।

ऐन्टी मलेरिया

भुनी फिटकरी	२ ड्राम
एसिड आरसेनिक	१ ग्रेन
पाउडर कैपसिकम	६ ग्रेन

इन सबको खरल करके गोंद का पानी देकर २४ टिकिया बना लेवें। इससे पुराना मलेरिया भी खतम हो जाता है।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

पेट दर्द नाशक

इस का योग इस प्रकार है।

स्प्रिट एमोनिया ऐरोमैटिक	½ औंस
टिंचर सिनकोना कम्पौंड	½ औंस
टिंचर कैपसिकम	१ ड्राम

इन सबको मिलाकर शीशी में भर लेना चाहिए। ५ बूँद से लेकर २५ बूँद तक पानी के साथ पीना चाहिए।

कफ की दवा

सीरप लिकरिस रूट	२ औंस
वाइन इपीकाक	½ ड्राम
स्प्रिट ईथर नाइट्रेड	८० मिनिम
टिंचर क्लोरोफार्म	४० मिनिम

इस सबको मिलाने से १६ खुराक दवा तैयार होती है। इसको तीन तीन घण्टे के बाद देनी चाहिए। इससे खाँसी को लाभ होता है। यही औषधि बाजार में कफसोल्यूशन के नाम से बिकती है।

एन्टी कामनिया

मासिक धर्म के लिए यह बहुत ही उपयोगी दवा साबित हुई है। इसका योग निम्न प्रकार है।

एन्टी फेबरीन	३५० ग्रेन
सोडाबाई कार्ब	१०० ग्रेन
कैफाइन	५० ग्रेन

इन सबको मिलाकर १०० गोलियाँ बना लें।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

खून बन्द होने की दवा

शरीर के किसी भी हिस्से से खून निकलता हो, इससे तुरन्त बन्द हो जायगा। इसका नुस्खा इस प्रकार है।

गैलिक एसिड	१२॥ ग्रेन
ओपीयम	१२ ग्रेन

दोनों को अच्छी तरह खरल करके गोली बनालो। इसी योग को एस्ट्रीजैन्स पिल्स के नाम से बनाकर बेचा जाता है।

पिल्स डामियाना

इस दवा से ताकत बढ़ती है, दिमाग को लाभ होता है और बुद्धिबर्द्धक है।

इसका नुस्खा निम्न प्रकार है।

फास्फरस	६/५ ग्रेन
एकसट्रेक्ट नम्सगमिका	१८ ग्रेन
एक्सट्रेक्ट डामियाना	७२ ग्रेन

इन सबको खरल करके ३६ गोलियाँ बनालें। उपरोक्त लाभ होने के साथ-साथ पौष्टिक भी है।

प्रदर नाशक योग

फासफरी	५/८ ग्रेम
सलफेट आफ जिंक	२५ ग्रेन
एक्सट्रेक्ट आफ बलेरियन	२५ ग्रेन

सबको खरल करके २५ गोलियाँ बनालो। यह प्रदर रोग को और उसके होने वाले अन्य विकारों को नष्ट करता है। विदेश में इसी योग का नाम ल्यूकोरिया रखकर बेचा जाता है।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

कान दर्द की दवा

इसका योग निम्न प्रकार से है।

लिनी मेन्ट केम्फर	५ ड्राम
आइल मेथा पिपरेटा	१० बूँद
बोरिक एसिड	१ ड्राम
टिंचर आयोडीन	१ ड्राम

सबको मिलाकर शीशी में भरलो। कान में डालने से लाभ होगा। कान बहना बन्द हो जायेगा। कुछ व्यक्ति इसको देशी नाम कर्ण शूल की दवा से बेचते हैं।

तिजारी की दवा

इसका योग इस प्रकार है।

पारद और गन्धक दोनों की कजली	२ माशा
कुनैन	१ माशा
इलाइची के बीज	२ माशा

इन सबको धतूरे के रस में खरल करके १॥ रत्ती प्रमाण की गोलियाँ बनालें। मात्रा १ गोली से ४ गोली दिन में ३ बार सेवन करायें। ऊपर से दूध पिला दें। खाने को बिल्कुल न दें। इससे तिजारी और चौथिया ज्वर भी दूर हो जाते हैं। यह प्रत्येक ज्वर में लाभदायक नहीं है।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

बिच्छू की दवा

नौसादर	४० ग्रेन
पोटाशियम परमेगनेट	२० ग्रेन

दोनों को मिलाकर खरल करें। दरद के स्थान पर रख कर ऊपर से एक बूँद पानी की डालें। इससे विष का असर दूर होता है। यह दवा बजार में विशेष प्रसिद्धि पा चुकी है किन्तु लागत दो पैसे ही पड़ती है।

कर्ण स्राव की दवा

इसका नुस्खा निम्न प्रकार है।

दस तोला तेल में एक काला बिच्छू डालकर पकालें। बस यह तेल तैयार हो जायगा।

इसे कान में डालने से कान का बहना बन्द हो जायगा।

टिंकचर आयोडीन

आयोडीन प्योर	४ ड्राम
पोटाश आयोडाइड	४ ड्राम
स्प्रिट रेक्टीफाइड	१६ औंस
डिस्टिल्ड वाटर	४ ड्राम

पहले आयोडीन और पोटाश को डिस्टिल्ड वाटर में खरल करलें और स्प्रिट मिलाकर शीशियों में भरदें।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

खुजली की दवा

इसका योग इस प्रकार है।

गन्धक	चार भाग
फिटकरी	चार भाग
बोरिक एसिड	दो भाग

तीनों दवाओं को पीसकर मिलालें। लगाने की विधि इस प्रकार है कि १०० बार पानी से धुला हुआ मक्खन लगभग १ औंस लेकर उसमें इसे मिलादें। इसके बाद इसे खुजली वाले स्थान पर लगायें।

तिल्ली की दवा

इसका योग इस प्रकार है।

फैरी पर क्लौर	½ ड्राम
लीकर आर्सेनिक	१५ बूँद
कुनैन सल्फ	१५ ग्रेन
मगनेसिया सल्फ	४ ड्राम
एक्स्ट्रेक्ट अर्गट लिक्वीडम	२० बूँद
एमोनिया क्लोराइड	½ ड्राम
एकवा क्लोरोफ़ार्म	३ औंस

इन सबको मिलालें। यह ३२ खुराक दवा तैयार है। कुछ खिलाने के बाद दिन में तीन बार एक-एक खुराक देनी चाहिये। बम्बई की कम्पनी इसी योग को स्वलीन क्योर के नाम से बेचते हैं।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

नमक सुलेमानी

यह बड़ा ही स्वादिष्ट और लाभकारी है। इसका योग इस प्रकार है।

काला नमक	५ तोला
सेंधा नमक	३ माशा
साँभर नमक	३॥ तोला
नौसादर	५ माशा
अजमोद के बीज	१॥ माशा
बालछड़	४ रत्ती
काली मिर्च	१ माशा
सफेद मिर्च	१ माशा
अफतीन मोन	१ माशा
जीरा सफेद	४ रत्ती
भुनी हींग	४ रत्ती
दालचीनी	२ रत्ती
कुसुम के बीज	२ रत्ती
सूँठ	२ रत्ती
मुलहटी	२ रत्ती

सबको कूटकर चूरण बनालो। मात्रा १ माशा से २ माशा तक की है।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

जुल्लाब की गोलियाँ

पिल कालोसिंथ	६४ ग्रेन
एक्सट्रेक्ट हाइसाइमस	८ ग्रेन
एक्सट्रेक्ट बेलाडोना	४ ग्रेन
पाडो फीलीन	२॥ ग्रेन

सबको खरल करके १६ गोलियाँ बनालें। रात को सोते समय १ गोली खालें। डा. वर्मन की प्रसिद्ध औषधि का नुस्खा भी इससे मिलता जुलता है।

स्पेन्सर आई ड्राप

रोज वाटर	१ औंस
टिंचर औपिआई	५ बूँद
आयोडाइड पुटास	१० ग्रेन
एलम पाउडर	४ ग्रेन

सबको मिलाकर एक कर लेना चाहिए, उसके बाद आँख में चार-चार बूँद टपकाना चाहिये।

इससे आँख की लाली, पानी बहना, दुखती आँख, आँख आना आदि को आराम मिलता है। यह स्पेन्शर कम्पनी की प्रसिद्ध दवा का योग है।

स्पेन्सर ईअर ड्राप

कान का दर्द, पीप निकलना, शूल, फोड़ा आदि को यह दवा अच्छा करती है। इसका नुस्खा निम्न प्रकार है।

लिनीमेण्ट आफ कैम्फर	६ ड्राम
टिंचर आयोडीन मिथिलेटेड	१॥ ड्राम
आइल मेंथा पिपरेटा	१० बूँद

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

सबको मिलाकर एकत्रित करो। इसकी पाँच-पाँच बूँदें दिन में दो-दो बार डालना चाहिये। स्पेन्सर कम्पनी ने इस औषधि का मूल्य =) रक्खा है। वैसे इसकी लागत ३०% आती है।

ज़हर की दवा

इससे बर्र, मधुमक्खी, कनखजूरा आदि का जहर नष्ट हो जाता। इसका नुस्खा इस प्रकार है।

अमोनिया कार्बोनास	५ ड्राम
चाक	३ ड्राम

दोनों को अच्छे प्रकार खरल कर लिया जाय। इसको पानी में घोलकर दंश स्थल पर लगाना चाहिए। तत्काल लाभ करता है।

शक्ति दाता योग

इसका नुस्खा इस प्रकार है।

नक्सवामिका चूर्ण	½ ग्रेन
मुश्क	⅛ ग्रेन
कुनाइन सल्फ	४ ग्रेन
फेरी सल्फ	½ ग्रेन
मगनेशिया सल्फ	१० ग्रेन

इन सबको मिलाकर गोली बनाओ। एक गोली खाकर ऊपर से मिश्री मिला दूध पीना चाहिये।

इससे अपार शक्ति पैदा होती है। वीर्य उत्पन्न समस्त रोगों के लिये भी बहुत लाभदायक है। स्तम्भन करने में भी बहुत लाभकारी है। कलकत्ते के एक हकीम ने इसी योग को मुश्क वादिका नाम से प्रचालित किया है।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

गनोरिया नाशक

आइल सन्डल	४ ड्राम
आइल कोपाइवा	५ ड्राम
सोल्यूशन आफ पुटास	१ औंस

इन सबको एक करके रखना चाहिये। सेवन विधि इस प्रकार है। २० बूँदें मिश्री के साथ खाकर ऊपर से दूध पीना आवश्यक है। प्रमेह और सुजाक दोनों में यह लाभ करती है। इसके साथ ही वीर्य को भी पुष्ट करती है। जी० एन० बैनर्जी कम्पनी इसी औषधि को गनोरिया क्योर के नाम से बेचती है।

अजीर्ण की दवा

इसका नुस्खा इस प्रकार है।

एक्सट्रैक्ट आफ कालोसिंथ	½ ड्राम
केलोमल	२ ग्रेन
पाउडर स्कामोनी	१ ड्राम

इन सबको मिलाकर गोलियाँ तैयार करो। रात को सोते समय एक गोली पानी के साथ सेवन करनी चाहिए। इससे सुबह साफ टट्टी होगी और रोग नष्ट होंगे। इससे भूख न लगना, जी मिचलाना, अजीर्ण आदि रोगों का नाश होता है और कब्ज की शिकायत दूर होती है। दिल्ली के एक हकीम इस औषधि को यूनानी नाम कब्जेकुशा के नाम से बेचते हैं।

प्लीहा की दवा

इससे प्लीहा का रोग नष्ट होता है। इसका योग इस तरह है।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

कुनैन सल्फ	४८ ग्रेन
फेरी सल्फ	३६ ग्रेन
सल्फ्यूरिक एसिड	२ ड्राम
एसिड कार्वोलिक	$\frac{१}{५}$ ड्राम
अमोनिया क्लोराइड	$\frac{१}{४}$ ड्राम
डिस्टिल्ड वाटर	१॥ औंस

इन सबको मिलकर इकट्ठा करें। इसकी ४८ बूँद की एक खुराक करनी चाहिए। दो तोला पानी में मिलाकर इसे देना चाहिए और दिन में तीन बार।

कुकर खाँसी

बच्चों की कुकर खाँसी और साधारण खाँसी आदि विकार इससे नष्ट हो जाते हैं। इसका नुस्खा इस प्रकार है।

टिंचर कार्डिमोमी कम्पौंड	२॥ ड्राम
एसिड नाइट्रिक डिल	१॥ ड्राम
शरवत सादा	३॥ औंस

सबको मिलालो; बस दवा तैयार है। इसकी मात्रा २० बूँद से ४० बूँद तक है। इसे तीन-तीन घण्टे के अन्त से देते रहें। एक कम्पनी इसी औषधि को हुपिंग सोल्यूशन के नाम से १॥) में बेचते हैं वैसे इसकी लागत १०% होती है।

मलहम

फोड़ा, फुँसी, घाव आदि के लिए लाभकारी है। इसका योग इस प्रकार है।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

सफेद काशगारी	६ माशा
मुरदासिंग	½ माशा
सेंदूर	२ रत्ती
हल्दी	४ रत्ती
फिटकरी भुनी	१ माशा
तूतिया भुनी	३ रत्ती
तेल जैतून	¾ तोला
मोम	१ माशा

पहले तेल गरम करके उसमें मोम मिलाकर छान लो और उसके बाद उसमें सब दवाओं का चूर्ण करके मिलाओ, बस मलहम तैयार हो गया।

बाल जीवन घुटी

इससे बच्चों के रोगों को आराम होता है और बच्चे हृष्ट पुष्ट तथा स्वस्थ होते हैं।

इसका नुस्खा इस तरह है कि:-

शहद	१ तोला
अतीस	२४ ग्रेन
नागर मोथा	२४ ग्रेन
काकड़ा सिंगी	२४ ग्रेन
पिप्पली	२४ ग्रेन
हर्रे काली	२४ ग्रेन

इन सबका महीन चूर्ण करके शहद में खूब खरल करो, इसके बाद इसे शीशियों में भर दो। बस दवा तैयार है। अलीगढ़ वाले इस योग से काफी लाभ उठाते हैं।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

सूँघनी

इसके सूँघने से शिर दर्द ठीक होता है। बिच्छू के जहर, बर्र, शहद मक्खी का जहर, साँप का जहर आदि में लगाना और सुँघाने से आराम होता हैं। जहरीले कीड़ों का जहर भी दूर होता है। इसका नुस्खा इस प्रकार है।

अमोनिया कार्ब	१/२ औंस
लवेन्डर आयल	१/४ औंस
आयल औरेंज	५ बूँद
आयल सिनोमोनी	५ बूँद
आयल जुनीपर	५ बूँद

इन सबको शीशी में भरलो बस दवा तैयार है। इसको सुँघाने से लाभ होता है। जर्मनी की एक कम्पनी ने इसका नाम स्मेलिंग साल्ट रख कर काफी लाभ उठाया है।

मीठा केस्टर आइल

आइल सिनामोमी	२ मिनिम
सेकरीन	५ ग्रेन
आयल केनी कुली	१ मिनिम
आलकोहल	२ ड्राम
कास्टर आइल	८ औंस

सबको मिलालें, बस दवा तैयार है। यह स्वादिष्ट और मीठी है। बच्चे इसे बड़ी खुशी से पी लेते हैं। इस औषधि का प्रसार कैम्प एन्ड कम्पनी ने किया है।

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

टूथ क्योर

इससे दाँतों का दर्द अच्छा हो जाता है। इसका नुस्खा इस प्रकार है। लंदन वालों की यह प्रसिद्ध दवा है।

क्लोरोडीम	½ ड्राम
कैम्फर	½ ड्राम
आइल काजुपुरी	२॥ ड्राम
आयल मेंथा पिपरेटा	१५ बूँद

इन सबको मिलालो दवा तैयार हो गई। बस इसे फुरहरी से लगाना चाहिए। दर्द को आराम करेगी।

दिमागी दवा नकछिकनी

इसको सूंघने से दिमाग में रुकी हुई विकार सम्बन्धी सामग्री साफ हो जाती है और छींकें आती हैं। इसका नुस्खा इस प्रकार है।

तमाखू का चूर्ण	१॥ तोल
गुलाब पुष्प का चूर्ण	¼ तोला
परमेगनेट पुटास	¼ तोला
आइल आफ रोज	५ बूँद
आइल वर्गामेएट	५ बूंद
आइल सेसामुम	½ तोला

सबको अच्छी प्रकार से खरल करके डिब्बी में भर दो। बस दवा तैयार है।

जूड़ी का दुश्मन

इसके दो-तीन बार के सेवन करने से ज्वर नष्ट हो जाता है। इसका नुस्खा इस प्रकार है।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

चिरायता	३ रत्ती
गुर्चसत	३ रत्ती
नीम की छाल	३ रत्ती
सौंप	३ रत्ती
हर्र छोटी	३ रत्ती
काली मिर्च	३ रत्ती
सिनकोना	१ ड्राम
आरसेनिक एसिड	½ ग्रेन

सबको खरल में रगड़ कर पान का रस डालकर घोंट कर गोलियाँ बनालें। गोलियाँ सुखाकर शकर को गोंद का पानी मिलाकर पकाओ। जब उसका पाक चढ़ाने लायक हो जाय, तब एक बड़ी काँच की हाड़ी में डालकर खूब तेजी के साथ हिलाओ। जिससे सब स्थान पर शक्कर बराबर लग जाय। फिर दूसरी हाँड़ी में डालकर हिलाओ जिससे गोला बराबर हो जाय। थोड़ी देर में यह सख्त हो जायेगी। अब इस अवस्था में कलई को जो तरल रूप में मिलती है, एक शीशो में डालकर हिलाओ तो चांदी जैसी चमकती गोली तैयार हो जायेगी।

नेत्रवटी

इससे आँखों की सुर्खी, जाला, फूली, धुन्ध, ढलका, रोहे, रतौंधी व आँखों की सब प्रकार की बीमारियों के लिए लाभदायक है। बनारस में डेकन हाल की दवा का यही नुस्खा है।

इसका नुस्खा इस तरह है।

सफेद सुरमा	७२ ग्रेन
इलायची	५ दाना

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

सफेद मिर्च वक्कल सहित	२ दाना
कपूर	३ ग्रेन

चारों चीजों को गुलाबजल से खरल करके गोलियाँ बनालें।

सर्प काटे को हुक्मी दवा

यह दवा बड़ी गुणकारी है। इसका नुस्खा यह है कि ईश्वर मूल की जड़ का चूर्ण ६ रत्ती आधा पाव घी में डालकर पिलादो।

ग्राइप मिक्सचर

इसका नुस्खा इस प्रकार है।

कम्पाउड टिंचर आफ कैम्फर	१ ड्राम
एरोमैटिक स्प्रिट आफ अमोनिया	१ ड्राम
एक्वा अनीसी	१ औंस
फास्फेट आफ सोडा	३० ग्रेन
फासफोस एसिड	१० बूँद
सेकरीन	१० ग्रेन
डिस्टिल्ड वाटर	२॥ औंस

सबको मिलालो। इससे बच्चों को बचपन में होने वाली बीमारियों में रोकने की शक्ति है। उनके सम्पूर्ण विकारों को नष्ट करके उन्हें हृष्ट-पुष्ट और तन्दुरूस्त बनाती है। ग्राइप क्योर तथा अन्य औषधियाँ भी इसी प्रकार बनाई जाती हैं।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

नारी रक्षक

इस द्रव के सेवन से स्त्री रोगों को लाभ होता है। जैसे:—प्रदर, कष्टार्तव आदि शान्त हो जाते हैं।

इसका नुस्खा इस प्रकार है।

फासफर्स	१/४० ग्रेन
सलफेट आफ जिंक	१ ग्रेन
एक्सट्रेक्ट वलेरियन	२ ग्रेन
सत मुलहठी काला	३ ग्रेन

इन सबको खरल करके गोलियाँ बनालें। इसके ऊपर से पौष्टिकता के लिए घी-दूध का भी खूब सेवन करना चाहिए। नारी अमृत, नारी रक्षा आदि औषधियाँ भी इसी प्रकार बनाई जाती है।

प्लेग नाशक योग

इसका नुस्खा इस तरह से है।

स्प्रिट अमोनिया अरोमैटिक	१॥ ड्राम
एडरीनेलीन क्लोराइड	२० बूँद
स्प्रिट ईथर	½ ड्राम
टिंचर डिजीटेलिस	½ ड्राम
फासफर्स एसिड	१। बूँद
स्प्रिट कैम्फर	२। ड्राम
एक्वा पिपरमेण्ट	३ ड्राम

इस सबको शीशी में भर लो। यह दवा १६ खुराक तैयार हो गई। पानी के साथ इसे पीना चाहिए।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

अमृताजन

इससे शिर दर्द, जोड़ों का दर्द, वायु. शूल, कमर दर्द, स्वायु शूल, खाँसी, जुकाम, गठिया, बवासीर, खुजली पार्श्व शूल आदि ठीक होते हैं। पेनबाम, आश्चर्य मरहम, पेन किलर औषधियाँ का भो यही योग है।

इसका योग इस तरह है।

सफेद तिली का तेल	१॥ तोला
मोम	६ माशा
कैम्फर	३ माशा
आइल मेंथा पिपरमेण्ट	३० बूंद
युकलीप्टस आइल	२० बुंद
आइल सिनोमोमी	४० बुंद

पहले मोम को तेल में गरम करके छान लो। फिर सब चीजें मिलाकर खरल करो और डिब्बों में भर दो।

गम प्लास्टर

इसका नुस्खा इस प्रकार है।

सादा साबुन	१ हिस्सा
गंधा विरोजा	$\frac{3}{4}$ हिस्सा
फिटकरी	$\frac{1}{32}$ रिस्सा
सफेद कासगरी	$\frac{1}{32}$ हिस्सा

सबको मिललो और लम्बी-लम्बीं बत्तियाँ जैसी बनालो। फोड़े-फुन्सी में लाभ करता है।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

एक्जीमा की दवा

इस दवा के सेवन से दाद, खाज, उकबत, फोड़ा आदि चर्म रोग दूर हो जाते हैं। कानपुर की प्रसिद्ध कम्पनी इसे एक्जीमा क्यूर के नाम से बेचती है।

इसका नुक्सा यह है कि।

वेंजोइ एटलार्ड	१ औंस
एसिड बोरिक	१ ड्राम
क्राइ सोरोबीन	२० ग्रेन
सल्फेट आफ कापर	४ ग्रेन

इन सबको खरल करलो। इससे मालिश करनी चाहिये दवा जहरीली है। इसके लगाने के बाद हाथों को साबुन से अच्छी तरह साफ कर लेना चाहिये। जिससे यह आँख, मुंह आदि में न लग जाय।

पाण्डु रोग की औषधि

इसका नुस्खा इस तरह है।

फेरी सल्फास	२४ ग्रेन
क्यूनाइन सल्फ	२८ ग्रेन
पलवीस केलम्बी	२४ ग्रेन
एक्सट्रेक्ट जैनशन	५ बूँद
लाइकर स्ट्रिक्नाइन	५ बूँद

सबको खरल करके फिर जैनशन एक्सट्रेक डाल कर इतनी देर खरल करो कि गोली बन सके। इसकी २४ गोलियाँ बनाओ दिन में तीन बार खाना चाहिए हरमस कम्पनी का योग भी इसी भाँति हैं।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

दर्द की अचूक दवा

किसी भी अंग में कैसा भी भीषण दर्द होता हो, इसके लगाने से फौरन चला जाता है।

इसका नुस्खा इस प्रकार है।

लिनीमेएट ऐकोनाइट	६ ड्राम
आइल सिनोमोनी	६ ड्राम
थाइमोल	१० ग्रेन
आयल आफ जुनीसर	५ बूँद

सबको मिलालो, बस दवा तैयार है। इसे लगाकर सेकना चाहिए। उसके बाद रुई बाँध दो दर्द छूमंतर हो जायेगा।

गजकर्ण मलहम

इससे पुराना दद्र भी नाश हो जता है। और ऐसा भी जो अच्छा होकर फिर भी हो जाता हो। इसका नुकशा इस प्रकार है।

गोवा पावडर	३ माशा
कपूर	१ माशा
श्वेत इलाइची दाना	१ माशा
सोमराजी बाज का चूर्ण	१ माशा
आमलासार गंधक	१ माशा
तेल सफेद तिलका	१ तोला
मोम	३माशा

पहले तेल और मोम को आग पर रखकर गरम करो। मोम के पिघल जाने के बाद नीचे उतार कर छान लो। इसके बाद खरल की हुई सब औषधियों को एक डिब्बे में रखकर यह डाल दो। बस मलहम तैयार है।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

रायेल (RAWYEL)

इससे दर्द नासूर, चोट, घाव, फोड़ा आदि सब ठीक होते हैं। यह योग मेडीसन कम्पनी दिल्ली का है।

नुकसा इस प्रकार है।

तिल सफेद का तेल	३/४ तोला
कपूर	२० ग्रेन
एसिड कारबोलिक	१५ ग्रेन
आइल ऑफ़ सिनामोनी	१ ड्राम
पिपरमेण्ट	१० ग्रेन

इन सबको मिलालो, दवा तैयार है।

आर्शारि

यह बवासीर, भगंदर आदि रोगों के लिए है। नुस्खा इस प्रकार है। यह के०बी०सेन की प्रसिद्ध दवा है।

अपामार्ग के साफ बीज	६ माशा
शुद्ध जमाल गोटा	६ माशा
रसौंत	३ माशा
गुलाब के फूल	६ माशा
हर्र वहेड़ा, आवला	६-६ माशा

इन सबका चूर्ण बनाओ इसकी मात्रा १॥ माशा प्रति बार है। सुबह-शाम दूध के साथ सेवन की जायेगी।

अपूर्व रोगन

लहसन छिला हुआ	४ हिस्सा
अकरकरा	१ हिस्सा

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

फरफियून	१ हिस्सा
काली मिर्चे	१ हिस्सा
कुचला	१ हिस्सा

इन सबका आधा हिस्सा जैतून का तेल लेकर उसमें भली प्रकार कूटकर एकसम करें। बाद में पाताल यंत्र से तेल निकालें और शीशी में भरकर रख छोड़ें।

इसकी मात्रा २ बूँद से १० बूँद तक है।

यह कब्ज, बातज, प्रमेह, गठिया, नपुन्सकता, दर्द, सूजन, बबासीर आदि के लिए उपयोगी है। अत्यन्त पैष्टिक है और चेहरे को लाल कर देता है। रोगन बेनज़ीर दवा भी इसी प्रकार होती है।

बबासीर का मलहम

इसका नुकसा इस प्रकार है।

वेसलीन	१ औंस
बिस्मिथ नाइट्रेट	२० ग्रेन
एसिड टैनिक	१० ग्रेन
एसिड कार्बोलिक	२० ग्रेन
मारफायन सल्फेट	८ ग्रेन

सबको मिलालो। बस दवा तैयार है। इसको मस्सों पर लगाना चाहिए। बबासीर में लाभ करती है।

इस दवा को लोग देशी बतलाकर बेचते हैं। वैसे इस की सारी औषधियाँ विलायती है।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

वायु मुक्तियोग

इसका नुस्खा इस प्रकार है। इससे उन्माद वायु, विकार, मृगीं, हिस्टीरिया आदि दूर होते हैं।

सफेद वच	१ हिस्सा
पीपला मूल	½ हिस्सा
वायविडंग	३ हिस्सा
मालकांगनी	१ हिस्सा
सज्जी खार	१ हिस्सा
नमक संधा	१ हिस्सा
शंख पुष्पी के जड़ को छिलका	३ हिस्सा
काला जीरा	१ हिस्सा
पिप्पली	१ हिस्सा
अजमोद	१ हिस्सा
मिर्च	१ हिस्सा
सोंठ	१ हिस्सा
काली पाठा	१ हिस्सा
भुनी हींग	१ हिस्सा

इन सब को लेकर आधा हिस्सा ब्राह्मी का चूर्ण मिलायें। और ताकत के अनुसार ४ रत्ती से ८ रत्ती तक सेवन करें। इसे शहद घी के साथ सेवन करना चाहिए।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

इन्फ्लुएंजाक्योर

इस अवगुण को दूर करने में यह अद्वितीय है। इसका नुस्खा इस प्रकार है। यह सूरत की पैटन्ट औषधि है।

पोटास नाइट्रास	४० ग्रेन
पोटास क्लोरेस	४० ग्रेन
कुनेन सल्फ	२४ ग्रेन
एसिड नाइट्रिक हाइड्रोक्लोरिक डाइलूट	८० बूँद
मेग्नेशिया सल्फ	१ औंस
सिरप सिम्प सेक्स	१ औंस
एक्वा सिनामोनी	३ औंस

इन सबको मिलाकर २४ खुराक दवा तैयार होगी दिन में तीन खुराक दवा पिलानी चाहिये।

जुकाम की दवा

इसको सूंघने से जुकाम चला जाता है। नुस्खा इस तरह है।

अमोनिया क्लोराइड	२५५ ग्रेन
विना स्टीन	१२५ ग्रेन

इन दोनों को मिलाकर गोंद का पानी डालकर गोली बनालो खूब तेज जुकाम में ४-४ घण्टे बाद गोली लेना और एक गोली पीसकर नाक में सूंघना चाहिए। दवा बड़ी उपयोगी है और जुकाम को अच्छा करने का इसमें अद्वितीय गुण है।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

शुक्ल चूर्ण

यह दवा बड़ी धातु पौष्टिक है। नुस्खा इस प्रकार है।

सफेद मूसली	२ तोला
सालम मिश्री	२ तोला
असगंध	२ तोला
विधारा	२ तोला
काली तुलसी के बीज	२ तोला

सबको कूटकर कपड़छान करे। तुसली के बीज बिना पिसे ही डाल देना चाहिए। तीन माशा घी शकर के साथ चाटकर ऊपर से दूध पीना चाहिये। लखनऊ की प्रसिद्ध दवा है।

मृगीमार

इसका नुस्खा इस प्रकार है।

स्प्रिट अमोनिया एरोमैटिक	२ औंस
फासफोरस एसिड डाईल्यूट	४ ड्राम
डिस्टिल्ड वाटर	३ औंस ४ ड्राम

इन सबको मिलाकर एकत्र कर लो। १ ड्राम पानी में मिलाकर पीनी चाहिए।

खांसी की गोलियां

इसका नुस्खा इस प्रकार है।

मुलहठी चूर्ण	६ ग्रेन
काकड़ा सिंगी चूर्ण	५ ग्रेन

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

बंशलोचन चूर्ण	६॥ ग्रेन
शकर	६ ग्रेन

इन सबको गोंद जल से खरल करके मशीन से टिकिया बना लो और उसके ऊपर चांदी का वर्कलपेट दो।

खाँसी और कण्ठ के रोगों के लिए यह लाभदायक है। पेप्स का नुस्खा भी इसी प्रकार का बनाया जाता है।

खिजाब

इसका नुस्खा इस प्रकार है।

चूना	½ हिस्सा
माजूफल भुना	½ हिस्सा
जलाताम्र	,,
फिटकरी (शवेतयामानी)	,,
मुलतानी मिट्टी	,,
कतीरा	,,
लौंग	,,
मेंहदी के पत्ते	१ हिस्सा
वस्मा	,,
मुर्दा संग	,,

सबका चूर्ण बना लो। फिर इसको घोलकर बालों में लगाना चाहिए। बालों को स्याह कर देगा।

गर्भ धारण वटी

इसके सेवन से गर्भधारण शक्ति आती है। इसका नुस्खा इस प्रकार है।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

सुपारी का फूल	१ माशा
इसवद	१ माशा
अगवाहन	१ माशा
वायविडंग	१ माशा

सबको जल से खरल करके तीन गोलियां बनालें। बस दवा तैयार है।

हैजे की अक्सीर दवा

यह हैजे की अचूक और अपूर्व दवा है। इसके पेट में प्रवेश करते ही यह निश्चय हो जाता है कि अब रोगी का कोई भी बाल बांका नहीं कर सकेगा। नुस्खा इस प्रकार है।

पाउडर कैप्सीकम	६ ग्रेन
पिपरमेण्ट क्रिस्टल्स	२ ग्रेन
हींग	२ ग्रेन
जायफल	२ ग्रेन
सफेद मोम	६ ग्रेन

इन सबको खरल में कूट पीसकर तीन गोलियां बना लो। एन्टी कालरा मिक्चर नाम से भी यही दवा बाजारों में बिकती है।

दूसरी दवा

हींग	२ ग्रेन
पिपरमेण्ट	२ ग्रेन
जायफल	८ ग्रेन
गोंद बबूल	१ ग्रेन
अफीम	३/४ ग्रेन

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

सबको अच्छी तरह खरल करके मशीन से दबाकर टिकिया बनालो। हैजे के रोगी को कोई नहीं मार सकता।

सन्दर्प बटी

इसका नुस्खा इस प्रकार है।

बंग भस्म	½ तोला
इलाइची के बीज	१ तोला
स्वर्ण माक्षिक भस्म	¼ तोला

सबको अच्छी प्रकार से खरल करके गोंद जल मिलाकर २ रत्ती परिमाण की गोली बनायें।

१ गोली दूध से खानी चाहिये। बड़ी लाभदायक है। बल-वीर्य को बढ़ता तथा धातु पुष्ट करती है।

सूतिका नाशक योग

इसका नुस्खा इस तरह है।

स्वच्छ तिल का तेल	८ भाग
बच्छ नाग विष	½ हिस्सा
जावित्री	½ हिस्सा
जयफल	½ हिस्सा
हल्दी	½ हिस्सा
हरताल	५ हिस्सा

इन सबका कल्प बनाकर तेल निकालें फिर फिल्टर पेपर से छान लें। सूतिका के रोगी इसकी मालिश करें अवश्य लाभ होगा।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

नारी कल्याण

इस दवा का उपयोग प्रदर रोग के लिए है। दवा बड़ी फायदे मंद है।

इसका नुस्खा इस प्रकार है।

अशोक छाल	२ तोला
द्राक्षा	२ तोला
सतावरी	२ तोला
रसौत	२ तोला
चौलाई मूल	२ तोला
जेठी मधु	२ तोला

इन सबको अधकुटा करके पानी में उबालना चाहिए। पानी की मात्रा २॥ सेर होनी चाहिए। जब ३० तोला जल शेष रहे तब उसे उतार कर छानिये और उसमें ७ तोला असली शहद मिलादें। इसके बाद इसमें २ ड्राम कोचलाइन मिलाकर बोतल में भर दें बस औषधि तैयार है। इस्तेमाल कर सकते हैं। कलकत्ते से यही योग कामिनी कल्याण नाम से प्रसिद्ध है।

कस्तूरी कल्प

इस दवा के सेवन से नाड़ी अपनी असली स्थिति पर आ जाती है। हैजा और सन्निपात की भयंकरता में भी यह अपना पूर्ण प्रभाव रखती है।

इसका नुस्खा इस प्रकार है।

मृत संजीवनी	३॥ ड्राम

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

शहद	१॥ तोला
सिंगिया विष	५ ग्रेन
कस्तूरी	१ ग्रेन
कोचलाइन	२० बूँद

इसके बनाने की विधि इस प्रकार से है सबसे पहले मृत संजीवनी में विष और कस्तूरी डालकर करीब २६ घण्टे तक उसे बन्द रखा जाय। इसके बाद इसमें शहद और कोचलइन डालकर इसे शीशी में भर दिया जाय। आवश्यक समय पर इसका व्यवहार किया जाय।

यह सोलह मात्रा दवा तैयार है। एक मात्रा ताजे जल से अथवा ऐसे भी पिलाई जा सकती है।

पौष्टिक मोदक

यह मोदक ताकतवर है और धातु रोगों के लिए उपयोगी होती है।

इसका नुस्खा इस प्रकार है।

पीपल	६ तोला
मुसली सेफेद	७ तोला
असगंध	५ तोला
विधारा	५ ताला
कोंच के बीज	५ तोला
शकर	२८ तोला

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

इन सबको कूट-पीस कर शकर की चासनी बनाकर इनके लड्डू बना लिये जायें। सुबह शाम एक-एक मोदक दूध के साथ खाया जाय।

घाव का तेल

कैसा भी घाव क्यों न हो, इसके लगाने से शीघ्र आराम होगा पकेगा नहीं। दवा बड़ी फायदे मंद है।

नुस्खा इस तरह है।

तेल सरसों	१ औंस
अयोडीन पल्व	१६ ग्रेन

पहले अयोडीन पल्व को पीस लिया जाय और उसके बाद उसे तेल में डालकर आग पर पका लिया जाय। जब दोनों मिल जायें, तो शीशी में भर लिया जाय।

सिरप सारसा पार्ला

यह औषधि सम्पूर्ण प्रकार के रक्तविकारों के लिए लाभ—कारी है। रक्त शोधक भी इसके मुकाबले में दूसरी कोई दवा नहीं है।

इसका नुस्खा इस प्रकार है।

इन्फ्यूजन चिरेटा	३ औंस ७ ड्राम
पुटास आयोडाइड	१ ड्राम
लाइकर आरसेनिक	१/४ ड्राम

सबको इकट्ठा करके फिल्टर करो और शीशी में भर कर १६ मात्रा बनालो।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

इसकी एक मात्रा आधी छटाँक पानी में डालकर पीनी चाहिए। इसमें पौष्टिक पदार्थों का भी प्रयोग प्रचुर मात्रा में किया जाना चाहिए—जैसे घी दूध का। खाली पेट इसे कभी नहीं पीना चाहिए।

पाचक गोली

पाचन के लिए यह दवा बड़ी गुणकारी है। इसका नुस्खा इस प्रकार है।

काली हरड़	४ रत्ती
अजवाइन	१॥ रत्ती
रसोत	२ रत्ती
लवण	आधा रत्ती

इन सबको कूट पीस कर नीबू के स्वरस में खरल करके गोलियाँ बना लेनी चाहिए। एक गोली भोजन के बाद खा लेनी चाहिए।

पीनस नाशक तेल

इसका नुस्खा इस प्रकार है।

तारपीन का तेल	१ ड्राम
कपूर	२ ड्राम
कार्बोलिक एसिड	¼ ड्राम
तेल तिली श्वेत	१॥। ड्राम

सबको मिलालो। पीनस रोग में यह लाभ करतो है।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

उपदंस नाशक

नुस्खा इस प्रकार है।

शिंगरफ	६ ग्रेन
अकरकरा	६ ग्रेन
मजीठ	६ ग्रेन
सोहागा	६ ग्रेन
अजवाइन	६ ग्रेन
नीला थोथा	६ ग्रेन

इसका चूर्ण बनालें। यह एक मात्रा है। इसी हिसाब से बढ़ाई जा सकती है।

इस दवा को चिलम में आग के नीचे रखकर हुक्के की तरह पिया जाता है। इससे व्रण आदि सूख जाते हैं। इसके अलावा यह गठिया, सुजाक/आदि के लिए भी लाभ दायक है। मराठी कम्पनी इसी योग को उपदंश हरण नाम से बेचती है।

कुष्ट नाशक योग

(१)

चित्रक चूर्ण	४ तोला
तूतिया हरा	१ तोला

इनको खूब महीन पीस कर मिलालें और पानी में मिला कर लेप करें। लाभ कारक है।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

(२)

चीता	५ माशा
अकरकरा	,,
रसौत	,,
राई	,,
कलौंजी	,,
गुललाला	,,
बेल	,,
हरताल	,,
हल्दी	,,
मजीठ	,,

इन सबका चूर्ण करके सिरका अंगूर में खरल करके आवश्यकता के समय काम में लायें।

(३)

कुष्ठ हर तेल

इसका नुस्खा इस प्रकार है।

गंधक	१ तोला
पारद	१ तोला
नीला थोथा	५ तोला
हरताल	१ तोला
बावची	१ तोला
कड़ुवा तेल	६ तोला

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

सबको मिलाकर खरल करलें। बस दवा तैयार है। इसे लगाकर तीन घण्टे धूप में बैठें–इसके बाद गर्म पानी से अच्छी तरह स्नान करें।

सबको समान लेकर छानकर कूट कर एक करलो गो मूत्र के साथ पीस कर लेप करने से श्लापद में लाभ होगा।

भूत नाथ तेल

इसका नुस्खा इस प्रकार है।

तेल जेसमिन	१ हिस्सा
तेल जुनीपर	१ हिस्सा
तेल बेला	१ हिस्सा
तेल वर्गा मेण्ट	१ हिस्सा

इन सबको मिलादो। फिर उस तेल में ओटो जेसमिन २५ बूँद के लगभग मिलादो। और एक ड्राम रेक्टीफाइड स्प्रिट निर्गन्ध मिलाकर बोतल को बन्द करदो। बस तेल तैयार है।

पसली चलने की दवा

इस औषधि के सेवन से बच्चों का पसली चलना बन्द हो जाता है। यह इतनी अच्छी दवा है कि एक ही मात्रा में अपना प्रभाव प्रकट कर देती है।

इसका नुस्खा इस प्रकार है।

प्याज का रस	३॥ तोला
फ्रेंच वाइन (ब्राण्डी)	१॥ तोला

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

इन दोनों को शीशी में भर दो। एक सप्ताह के बाद छान कर दूसरी शीशी में भरलो। आवश्यकता होने पर माँ के दूध में या अन्य किसी दूध में मिलाकर दी जा सकती है।

मात्रा इसकी २० बूँद से ५० बूँद तक रखनी चाहिए।

गठिया नाशक

इससे गठिया को आशातीत लाभ होता है।

मिलाग	१० दाना
तिल तेल	१ पाव
आक के बड़े साफ पत्ते	॥ पाव
सिंगिया विष	१ माशा

सबको मिलाकर आग पर जलाओ फिर तेल को छान कर शीशी में भर लो। तेल को गरम करके धूप में बैठकर मालिश करना चाहिये। दो-तीन बार मालिश करने से लाभ होगा।

टूथ पाउडर

यह मंजन दंत रोगों के लिए उपयोगिी है। इसका नुस्खा इस प्रकार है।

दालचीन का चूर्ण	३ माशा
सुपारी जली हुई	३ माशा
तूतीया भुनी	२ माशा
कपूर देशी	३ माशा
कत्था	३ माशा
खड़िया मिट्टी का चूर्ण	१५ माशा

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

इन सबको अच्छी तरह पीसकर चूर्ण बनालें इसका नित्य दाँतों पर मंजन करने से दाँत मजबूत होते हैं।

अर्द्ध कपाली की दवा

इसका नुस्खा इस प्रकार है।

कनेर की पत्तियों का रस	४ ड्राम
मिश्री पिसी हुई	१० ग्रेन

इन दोनों को एकत्रित करलें। यह दवा तैयार है। मात्रा २ बूंद से ५ बूंद तक है। अर्द्धकपाली इससे शर्तिया दूर होगी। इसके साथ ही दिमाग की सब बीमारियाँ, कफ आदि भी ठीक होते हैं।

मुख शोधक योग

इसके सेवन से मुख की शुद्धि होती है। दाँत तालू आदि के रोगों को भी लाभ होता है।

नुस्खा इस प्रकार है।

मुलहठी का सत	२ तोला
गुजराती दावा चूर्ण	४ माशा
लौंग का चूर्ण	१ माशा
कत्था	१।। माशा
केशर	८ ग्रेन
पिपरमेण्ट	१ माशा
दालचीनी का चूर्ण	२ माशा

इन सबको खरल करके गोलियां बना लें। गोलियों का वजन १ रत्ती होना चाहिए। इसको मुंह में रखकर चूसने से लाभ होता है।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

केस्टर आइल

इसका नुस्खा इस प्रकार है।

केष्ट्रायल	२ औंस
Oil Tenesinthi (English)	१० बूँद
सेकरीन	२ ग्रेन

सबको मिलाकर एकत्रित करो। बस दवा तैयार है। इसके पीने से जी नहीं मिचलाता, मीठी है।

दुम्बक नाशक मलहम

योग इस प्रकार है।

तिल का तेल	२ तोला ४ माशा
सफेदा काश्गरी	१० माशा
भस्म नीम की लकड़ी	२ माशा

सबको मिलाकर आग चढ़ा दो और इसे लकड़ी से चलाएं क्वाथ बन जाने दें।

क्वाथ के चिन्ह यह है कि एक बूंद लकड़ी की नोक से पानी में डालें जब वह नीचे बैठ जाय तब आप उतार लें।

इसे कपड़े पर लगाकर दुम्बल पर चिपका देना चाहिए।

बाल-शक्ति

इसके सेवन से बच्चे हृष्ट-पुष्ट और मोटे ताजे होते हैं।

चीनी	१२ औंस
पानी	१४ औंस

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

आइल अनासी	२० बूँद
आइल आफ़ ड्राईजिंजर	१० बूँद
सोडा बाईकार्व	२ ड्राम
हाईपो फास्फोर्स	२० ग्रेन

पहले चीनी और पानी मिलाकर शर्बत बनाओ। फिर उतार कर छान लो और सब दवाइयां इसमें डाल दो रंग देने के लिए कोचनाइल की कुछ बूँदे डाल दो। ५ बूँद से लेकर १० बूँद तक इसकी मात्रा है।

———

Vaidyaraj Zindi Bhatji
National Ayurvedic Library
Punjabi Bagh, New Delhi-26
Card No.........................
Book No
000101

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection